# रोज़मर्रा की चीनी भाषा

# 每日汉语

印地语 05

国家汉办/孔子学院总部
Hanban/Confucius Institute Headquarters

中国国际广播电台
CHINA RADIO INTERNATIONAL

H195.4

中国国际广播出版社

05

रोजमर्रे की चीनी भाषा

# 每日汉语

工业学院图书馆
藏书章

中国国际广播出版社

# 目录 / विषयसूची

第四十四课　挂失
पाठ 44　खोने की रिपोर्ट पेश करना ······ 1

第四十五课　挂号
पाठ 45　रजिस्टर ······ 13

第四十六课　就诊
पाठ 46　निदान ······ 26

第四十七课　治疗
पाठ 47　उपचार ······ 38

第四十八课　在药店
पाठ 48　दवा की दुकान में ······ 50

第四十九课　急诊
पाठ 49　फ़ौरी इलाज ······ 62

第五十课　交费取药
पाठ 50　फ़ीस देकर दवा लेना ······ 73

## 目录 / विषयसूची


第五十一课　探病
पाठ 51　रोगी को देखना ........ 84

第五十二课　在幼儿园
पाठ 52　बालविहार में ........ 96

第五十三课　大学
पाठ 53　विश्वविद्यालय ........ 109

第五十四课　在图书馆
पाठ 54　पुस्तकालय में ........ 122


第五十五课　与同学聊天
पाठ 55　सहपाठियों के साथ चर्चा ........ 134

第五十六课　谈论网吧
पाठ 56　इंटरनेट कैफ़े की चर्चा ........ 147

第五十七课　报名
पाठ 57　स्कूल का नया सत्र ........ 159

# 第四十四课　挂失

# पाठ 44 खोने की रिपोर्ट पेश करना



此为试读，需要完整PDF请访问： www.ertongbo

थांग: यह चाइना रेडियो इंटरनेशनल है। श्रोता दोस्तों को श्याओ थांग का प्यार भरा नमस्कार।

राकेश: श्रोता दोस्तों को राकेश वत्स का भी नमस्कार।

थांग: 《रोज़मर्रा की चीनी भाषा》 कार्यक्रम सुनने के लिए आप सभी लोगों का स्वागत। पिछले पाठ में हम ने चीन में क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने में उपयोगी वाक्य सीखे थे। आज का पाठ शुरु करने से पहले आएं उन्हें एक बार दोहराएं। राकेश जी, क्या आप को अभी भी याद है कि चीनी में "क्या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है" कैसे कहा जाता है?

राकेश: 可以刷卡吗? क्या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है ?

थांग: 刷卡, क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना।

राकेश: 刷卡。

थांग: 交现金, नगद देना।

राकेश: 交现金。

थांग: 交现金还是刷卡? नगद देंगे या क्रेडिट कार्ड से ?

राकेश: 交现金还是刷卡?

थांग: 我刷信用卡。

राकेश: 我刷信用卡。 मैं क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करुंगा।

थांग: 请您在这里签字。 कृपया आप यहां हस्ताक्षर कीजिए।

राकेश: 请您在这里签字。

थांग: 签字, हस्ताक्षर करना।

राकेश: 签字。

थांग: अच्छा, अब हम एक साथ पिछले पाठ की सारी बातचीत सुनें।

## 完整对话 पूरी बातचीत

### 对话一 बातचीत एक

ए: 先生，您消费 1000 元。श्रीमान जी, आप को 1000 य्वान देने हैं।

बी: 我的现金不够了。可以刷卡吗? मेरे पास पर्याप्त नगद पैसे नहीं है। क्या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है?

ए: 可以。किया जा सकता है।

### 对话二 बातचीत दो

ए: 您是交现金还是刷卡? क्या आप नगद देंगे या क्रेडिट कार्ड से?

बी: 我刷信用卡。मैं क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करूंगा।

ए: 请您在这里签字。कृपया आप यहां हस्ताक्षर कीजिए।

बी: 好的。अच्छा।

राकेश: अभी हम ने पिछले पाठ के मुख्य वाक्य दोहराए। अब आज के पाठ के मुख्य वाक्य।

## 今日关键 आज के मुख्य वाक्य

Wǒ de qián bāo diū le.
我 的 钱 包 丢 了。

मेरा बटुआ खो गया है।

Wǒ de yín háng kǎ yě diū le.
我 的 银 行 卡 也 丢 了。

मेरा बैंक कार्ड भी खो गया है।

Nà nǐ gǎn kuài guà shī ba.
那 你 赶 快 挂 失 吧。

आप जल्दी से इन के खोने की रिपोर्ट कर दें।

Yí gè xīng qī yǐ hòu lái qǔ.
一 个 星 期 以 后 来 取。

एक हफ़्ते के बाद लेने आ सकते हैं।

राकेश: श्याओ थांग जी, कल मैं हाई त्येन जिले में स्थित एक विश्वविद्यालय में अपने मित्र से मिलने गया, दुर्भाग्य की बात है कि रास्ते में मेरा बटुआ खो गया। उस समय मैं काफ़ी बेचैन था और चाहता था कि लोग मेरे बटुए की खोज में मदद करें। यदि मुझे चीनी भाषा में "मेरा बटुआ खो गया है" बोलना आता तो कितना अच्छा होता।

थांग: भगवान न करे, कभी फिर आप का बटुआ खोए, लेकिन यदि कभी ऐसी स्थिति आए, तो आप ऐसे कह सकते हैं: 我的钱包丢了。

राकेश: 我的钱包丢了。

थांग: 我的, मेरा।

राकेश: 我的。
थांग: 钱包, बटुआ या पर्स।
राकेश: 钱包。
थांग: 丢了, खो गया।
राकेश : 丢了。
थांग: 我的钱包丢了。
राकेश: 我的钱包丢了, मेरा बटुआ खो गया है।
थांग: आएं अब सुनें आज के पाठ की पहली बातचीत।

## 对话一 बातचीत एक

ए: 我的钱包丢了。 मेरा बटुआ खो गया है।
बी: 不要着急, 我帮你找。 चिन्ता मत कीजिये, मैं आप की मदद करुंगा।

थांग: 我的钱包, मेरा पर्स।
राकेश: 我的钱包。 या मेरा बटुआ।
थांग: 丢了, खो गया ।
राकेश: 丢了。
थांग: 我的钱包丢了。 मेरा पर्स खो गया है।
राकेश: 我的钱包丢了。 मेरा बटुआ खो गया है।
थांग: आएं एक बार फिर सुनें आज के पाठ की पहली बातचीत।

## 对话一 बातचीत एक

ए: 我的钱包丢了。 मेरा बटुआ खो गया है।

बी: 不要着急，我帮你找。चिन्ता मत कीजिए। मैं आप की मदद करुंगा।

थांग: राकेश जी, क्या आप का बैंक कार्ड सुरक्षित है?
राकेश: अरे, मेरा क्रेडिट कार्ड भी खो गया है।
थांग: ओहो, बेचारे राकेश जी।
राकेश: मेरा बैंक कार्ड भी खो गया है।
थांग: 我的, मेरा।
राकेश: 我的。
थांग: 银行卡, बैंक कार्ड।
राकेश: 银行卡。
थांग: 也, भी।
राकेश: 也。
थांग: 丢了, खो गया।
राकेश: 丢了。
थांग: चीनी भाषा में भूतकाल के लिए सहायक शब्द 了 का प्रयोग किया जाता है। मसलन मेरा पर्स खो गया है । मेरा बैंक कार्ड खो गया है। ऐसे वाक्यों में 了 शब्द वाक्यों के अंत में रखा जाता है।
राकेश: मैं समझ गया। 明白了。
थांग: 我的银行卡也丢了。
राकेश: 我的银行卡也丢了。मेरा बैंक कार्ड भी खो गया है।
थांग: आएं सुनें आज के पाठ की दूसरी बातचीत।

## 对话二 बातचीत दो

ए: 我的银行卡也丢了。मेरा बैंक कार्ड भी खो गया है।

बी: 那你赶快挂失吧。आप जल्दी से इन के खोने की रिपोर्ट कर दें।

ए: 挂失需要什么证件呢? रिपोर्ट के लिये क्या प्रमाण-पत्र पेश करना है?

बी: 需要你的护照和卡号。आप का पासपोर्ट और कार्ड का नम्बर चाहिये।

राकेश: श्याओ थांग, अभी आप ने जिन दो वाक्यों को पढा है, उन के अंत में फिर 了 शब्द आया है।

थांग: हां, जैसा कि मैं ने अभी आप को बताया था कि 了 भूतकाल को प्रकट करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला एक सहायक शब्द है।

राकेश: मैं समझ गया। आप ने पहले भी इस की चर्चा की थी।

थांग: ठीक है। 那你赶快挂失吧。आप जल्दी से इन के खोने की रिपोर्ट कर दें।

राकेश: 那你赶快挂失吧。

थांग: 那, तो।

राकेश: 那。

थांग: 你, तुम या आप।

राकेश: 你。

थांग: 赶快, जल्दी।



此为试读,需要完整PDF请访问: www.ertongbo

राकेश: 赶快。

थांग: 挂失, खोने की रिपोर्ट करना।

राकेश: 挂失。

थांग: 吧, सलाह के लिए एक सहायक शब्द ।

राकेश: 吧。

थांग: 那你赶快挂失吧。आप जल्दी से इन के खोने की रिपोर्ट कर दें।

राकेश: 那你赶快挂失吧。

थांग: आएं सुनें एक बार फिर आज के पाठ की दूसरी बातचीत।

## 对话二 बातचीत दो

ए: 我的银行卡也丢了。मेरा बैंक कार्ड भी खो गया है।

बी: 那你赶快挂失吧。आप जल्दी से इन के खोने की रिपोर्ट कर दें।

ए: 挂失需要什么证件呢? रिपोर्ट के लिये क्या प्रमाण-पत्र पेश करना है ?

बी: 需要你的护照和卡号。आप का पासपोर्ट और कार्ड का नम्बर चाहिये।

राकेश: श्याओ थांग जी, मैं जानना चाहता हूँ कि नये कार्ड के लिये कितने लम्बे समय की ज़रूरत है।

थांग: आम तौर पर पांच दिन लगते हैं, कुछ बैंकों में एक हफ्ते तक इंतज़ार करना पड़ता है। भिन्न-भिन्न बैंकों के अपने अलग नियम हैं। आप उन से पूछें, बैंक कर्मचारी आप को बता सकते हैं:

一个星期以后来取。

राकेश: 一个星期以后来取。 आप एक हफ़्ते के बाद लेने आ सकते हैं।

थांग: 一个星期, एक हफ़्ता।

राकेश: 一个星期。

थांग: 以后, के बाद।

राकेश: 以后。

थांग: 来取, लेने आना।

राकेश: 来取。

थांग: 一个星期以后来取。

राकेश: 一个星期以后来取。 आप एक हफ़्ते के बाद लेने आ सकते हैं।

थांग: आएं सुनें आज के पाठ की तीसरी बातचीत।

## 对话三 बातचीत तीन

ए: 新卡什么时候能办好? नया कार्ड कब तक बन जाएगा?

बी: 一个星期以后来取。 आप एक हफ़्ते के बाद लेने आ सकते हैं।

थांग: आइए, अब हम आज के पाठ के मुख्य वाक्य दोहराएं: 丢了, खो गया।

राकेश: 丢了。

थांग: 我的钱包丢了。 मेरा पर्स खो गया है।

राकेश: 我的钱包丢了。 मेरा बटुआ खो गया है।

थांग: 我的银行卡也丢了。

राकेश: 我的银行卡也丢了。 मेरा क्रेडिट कार्ड भी खो गया है।

थांग: 那你赶快挂失吧。

राकेश: 那你赶快挂失吧。 आप जल्दी से इन के खोने की रिपोर्ट कर दें।

थांग: 赶快挂失, जल्दी से खोने की रिपोर्ट करना ।

राकेश: 赶快挂失。

थांग: 一个星期以后来取。 आप एक हफ़्ते के बाद लेने आ सकते हैं।

राकेश: 一个星期以后来取。

थांग: अब हम आज के पाठ की सारी बातचीत सुनें।

## 完整对话 पूरी बातचीत

### 对话一 बातचीत एक

ए: 我的钱包丢了。 मेरा बटुआ खो गया है।

बी: 不要着急, 我帮你找。 चिन्ता मत कीजिए, मैं आप की मदद करूंगा ।

### 对话二 बातचीत दो

ए: 我的银行卡也丢了。 मेरा बैंक कार्ड भी खो गया है।

बी: 那你赶快挂失吧。 आप जल्दी से इन के खोने की रिपोर्ट कर दें ।

ए: 挂失需要什么证件呢? रिपोर्ट के लिये क्या प्रमाण-पत्र

पेश करना है ?

बी: 需要你的护照和卡号。आप का पासपोर्ट और कार्ड का नम्बर चाहिये।

## 对话三 बातचीत तीन

ए: 新卡什么时候能办好? नया कार्ड कब तक बन जाएगा?

बी: 一个星期以后来取。आप एक हफ़्ते के बाद लेने आ सकते हैं।

राकेश: अच्छा, श्रोता दोस्तो, आएं अब वेइतुंग भाई से चीनी संस्कृति के बारे में कुछ जानकारी लें।

## चीनी संस्कृति की जानकारी

किसी भी व्यक्ति को यदि रास्ते में पड़ी हुई कोई चीज मिल जाती है, तो वह उस चीज के मालिक की खोज करने की कोशिश करता है। यह श्रेष्ठ परम्परा चीनी लोगों के बीच हजारों वर्षों से बनी हुई है। हवाई अड्डे, रेलवे, मैट्रो व टैक्सी स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों पर "खोए हुए माल का काऊंटर बना हुआ है" 失物招领处 (shī wù zhāo lǐng chù), रास्ते में यदि किसी को पड़ी हुई कोई चीज मिल जाती है, तो वे इसे इस विशेष काऊंटर में सौंप सकते हैं , ताकि उक्त चीज़ों के मालिक यहां आ कर अपनी चीज़ फिर वापस ले सकें। अब इंटरनेट पर इस संदर्भ

में एक विशेष वेबसाइट भी खुल गयी है। खोई हुई चीज़ों में दस्ताने, चाबी, मोबाइल फ़ोन, चैकबुक, बैंक बुक, नगदी, यहां तक कि टैक्सी में रखे गये सूटकेस भी शामिल हैं। पर ध्यान देने योग्य बात यह है कि कीमती चीज़ खोने के बाद शीघ्र ही पुलिस थाने में रिपोर्ट करना अत्यावश्यक है।

थांग: अच्छा, आज का पाठ यहीं तक। कार्यक्रम समाप्त करने से पहले हमेशा की तरह हम आप से एक सवाल पूछेंगे। "मेरा पर्स खो गया है" चीनी भाषा में कैसे कहेंगे?
राकेश: यदि आप इस सवाल का जवाब जानते हैं, तो हमें ई-मेल से भेजें। हमारा ई-मेल का पता है hindi@cri.com.cn। पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये आप हमारी वेबसाइट देख सकते हैं, हमारी वेबसाइट का पता है hindi.cri.cn।
थांग: अच्छा, अब राकेश वत्स और श्याओ थांग को आज्ञा दें, नमस्कार।
राकेश: नमस्कार।

# 第四十五课　挂号

# पाठ 45　रजिस्टर




此为试读，需要完整PDF请访问：www.ertongboo